## एक नजर में

### एक दिवसीय युवा संगम आज

**उज्जैन ।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कायक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आईटीआई संस्थान के तत्वावधान में बुधवार 3 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय युवा संगम, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई मक्सी रोड ब्रिज के नीचे किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पुणे, बोकेम हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, शिव एंटरप्राइजश अहमदाबाद, आईसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ, भारतीय जीवन बीमा निगम, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, भागीरथ मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मदरसन ऑटोमेटिव गुजरात, टीएससीएफ एम सेज फाउंडेशन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रालि, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इंदौर, सिक्योरिटी स्किल्स काउंसिल इंडिया लिमिटेड एएसआईएम ग्रुप एंटरप्राइज राजस्थान आदि के लगभग 475 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टीम लीडर, बैकआफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक रूप से चयन करेंगे। महिला हेल्पर, ऑपरेटर के लिए विशेष भर्ती के अवसर हैं। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की 5वीं से स्नाकोत्तर किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियां एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियां भी आवश्यक रूप से साथ लाएं।

### सांस अभियान 28 फरवरी तक किया जाएगा

**उज्जैन ।** बाल मृत्यु में कमी लाना मप्र शासन प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16 .3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एसआरएस 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की nder z Mortality 44 प्रति 1000 जीवित जन्म है, वर्तमान में 5 .1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन ने बताया कि निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम किए जाने हेतु समय पर लक्षणों की पहचान, प्रांरभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है। साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाये रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में दिनांक 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है।



### स्टार्टअप से जोड़ने के लिए कार्यशाला

**उज्जैन ।** भारतीय कॉलेज में आज उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं को स्टार्टअप संस्कृति, उद्यमिता के मूल सिद्धांतों और नवाचार आधारित करियर के नए अवसरों से अवगत कराया गया। इस विशेष सत्र में विशेषज्ञों ने व्यापारिक ढांचे के वास्तविक पक्षों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की तरफ से आए अंकित रजक ने स्टार्टअप की संकल्पना को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि किसी भी कंपनी का मालिक वास्तव में कौन होता है, ग्राहक किसे कहा जाता है, और किसी उत्पाद या सेवा से प्राप्त होने वाला धन किस प्रक्रिया से होते हुए कंपनी तक पहुंचता है। उनके स्पष्ट और सहज उदाहरणों ने छात्राओं को उद्यमिता की जटिलताओं को समझने में अत्यंत सहायता की। इसके साथ ही मुस्कान हरभजनका ने छात्राओं को स्टार्टअप की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंडया, संस्थान का संपूर्ण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन डॉ. चैताली जोशी ने किया। आभार रश्मि टटवाल ने माना।

### अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**उज्जैन ।** नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग के कर्मचारियों का काम शहर से अवैध अतिक्रमण हटाना है उज्जैन शहर धार्मिक शहर है प्रतिदिन यहां हजारों की तादात में श्रद्धालु एवं यात्रीगण आते हैं। धार्मिक शहर होने के नाते प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं का आवागमन अत्यधिक होता है इसलिए नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे प्रमुख स्थानों, चौराहा, धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए। इसलिए शहर में अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उक्त निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मंगलवार को ग्रांड होटल पर स्टैंड अप मीटिंग में रिमूवल गैंग के कर्मचारियों को दिए। निगम आयुक्त द्वारा गैंग के कर्मचारियों के साथ स्टैंडअप मीटिंग के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रिमूवल गैंग के कर्मचारियों को ड्रेस दी जाए। जिस पर रिमूवल गैंग कर्मचारी लिखा रहे गैंग का काम शहर में व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाना है। इसलिए 02 शिफ्ट में गैंग के कर्मचारी काम करेंगे। साथ ही जो कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित हैं उन पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए। इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन उपस्थित रहे।

### 27वां अंतरराष्ट्रीय कलापर्व 25 दिसंबर से

**उज्जैन ।** प्रदेश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास द्वारा विगत 26 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जाने वाला चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला पर्व इस वर्ष 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। न्यास के सचिव पवन गरवाल तथा संयोजिका डॉ. भारती काले ने बताया कि इस वर्ष के इस महती कला उत्सव में नेपाल, बांग्लादेश, मॉरिशस तथा ब्रिटेन के वरिष्ठ कलाकारों के अतिरिक्त कला विद्यार्थियों सहित 200 से अधिक वरिष्ठ चित्रकार एवं देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों, कला महाविद्यालय के विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कलापर्व के शुभारंभ दिवस पर कला जगत की विभिन्न हस्तियों को विशेष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। गरवाल ने बताया कि कलापर्व में भागीदारी करने वाले सभी कलाकार चार दिन तक कला शिविर के अंतर्गत कला सृजन करते हुए कलाकृतियों का निर्माण करेंगे।



### मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर हर वर्ष होगा महायज्ञ

**उज्जैन ।** दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति 2 दिसंबर को हुई। शासकीय पुजारी अनुराग शुक्ला (शुभम गुरु) ने बताया कि जन कल्याण हेतु आयोजित महायज्ञ यज्ञ आचार्य पं. नलिन शर्मा, भूपेंद मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर गौरव बैंडवाल, आशीषजी, दिनेशजी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। अनुराग शुक्ला ने बताया कि जनकल्याण हेतु अब हर साल महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# मंगलनाथ-अंगारेश्वर, सांदीपनि आश्रम का होगा कायाकल्प, सिंहस्थ पहले नया प्रकल्प

## सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा बैठक में मिला निर्देश, कार्य में तेजी लाने पर जोर, संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने किया दौरा







**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ—2028 को देखते हुए शहर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की रफ्तार बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। मंगलनाथ मंदिर पर जहां विकास प्राधिकरण पूर्व में कार्य कर चुका है वहीं अब एक बार फिर नए सिरे से नवीनीकरण कार्य चल रहा है वही अंगारेश्वर मंदिर की बात करें तो सीएम डॉ. यादव की मंशा अनुसार यहां पर बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जाने हैं सांदीपनि आश्रम का भी उन्नयन होगा।

सिंहस्थ—2028 के पहले मंगलनाथ और अंगारेश्वर मंदिरों का कायाकल्प की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। ऐसे में विस्तृत घाट विकास, सड़क, विद्युत,जल संरचनाओं का उन्नयन, यहां की धार्मिक और पर्यटन छवि को नई ऊंचाई देने वाला साबित होगा।

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के पश्चात अधिकारीगण मंगलनाथ मंदिर एवं अंगारेश्वर मंदिर और सांदीपनि आश्रम भी पहुंचे। यहां का भी व्यापक कायाकल्प किया जाएगा और सिंहस्थ के पहले नया प्रकल्प तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। विद्युत मंडल, भवन निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पर्यटन विभाग और वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन पेश किया गया। संभागायुक्त आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित कि ब्लास्टिंग से जुड़े कार्य समय पर पूर्ण हों कान्हा क्लोज डक्ट में क्रेन की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि कार्य में तेजी आए। रेलवे अनुमति से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। सभी विभाग परस्पर समन्वय बनाकर समय सीमा में कार्य निपटाएं।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने विद्युत मंडल को निर्देशित किया कि नवीन विद्युत पोल गहराई से खोदकर मजबूती के साथ स्थापित किए जाएं। उन्होंने दताना-नागझिरी मार्ग पर एमपी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन की हाईटेंशन लाइन से संबंधित कार्यों को लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, जिला वन मंडला अधिकारी अनुराग तिवारी, और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जताई थी मंशा

महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की जो तैयारी चल रही है, उसी के अंतर्गत सभी देवालय शिवालय का जीर्णोद्वार, नवनिर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांदीपनि आश्रम का उन्नयन भी किए जाने के लिए घोषणा की थी। कई बार जब वह स्वयं भी जन्माष्टमी और गुरु पूर्णिमा पर सांदीपनि आश्रम पहुंचते हैं तो उक्त मंदिर का कायाकल्प करने की बात कहते हैं। इस बार उन्होंने सार्वजनिक मंच से सांदीपनि आश्रम पर नए प्रकल्प बनाने की बात की थी, यही कारण है कि उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष से लेकर सभी अफसर मंगलवार को आश्रम पहुंचे अब यहां का विस्तृत प्लान तैयार किया जाएगा। वहीं कान्हा क्लोज डक्ट, सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी लिंक, घाट निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण अधोसंरचना कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।




# पैदल चल रहे ट्रक ड्राइवर को ट्रक ने कुचला, मौत

**उज्जैन। पैदल चाय पीते जा रहे ट्रक ड्राइवर को तेज गति से आए ओवरलोड ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। मृतक ड्राइवर के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।**

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह सुबह दताना के समीप बाबूजी का ढाबे के सामने सड़क पार कर रहे एक युवक को पाइप से भरे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजे 2233 ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलतेबही पुलिस पहुंची। युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी पहचान के प्रयास करने पर सामने आया कि मृतक युवक शेरसिंह पिता कालूसिंह रावत 31 वर्ष निवासी नसिराबाद अजमेर का रहने वाला था। शेरसिंह भी ड्रायवरी करता था और देवास रोड पर चल रहे पाइप लाइन डालने के निर्माण कार्य में पाइप का ट्रक लेकर आया था। ट्रक खड़ा करने के बाद वह पैदल सड़क पार कर चाय पीने के लिए जा रहा था उसी दौरान पाइप से भरे दूसरे ट्रक ने उसे कुचल दिया। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई के अनुसार जिस ट्रक से दुर्घटना हुई है उसे जप्त कर लिया गया है वहीं चालक को भी हिरासत में लिया गया है। मामले में लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर मर्ग कायम किया जाएगा। मृतक के परिजनों के आने पर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन बॉडी अंतिम संस्कार के लिए अजमेर लेकर गए हैं।

# चाकू की नोंक पर वृद्धा से 50 हजार लूटने वाला पुलिस गिरफ्त से दूर

**उज्जैन।** चाकू की नोक पर वृद्ध महिला के साथ 50 हजार की लूट करने वाला बदमाश दूसरे दिन भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। पुलिस बदमाश का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है। वृद्ध महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया जा चुका है वारदात में वृद्ध महिला घायल हुई है जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

आयुर्वेदिक कॉलेज से सेवानिवृत्त हो चुकी संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाला 65 साल अंकपात मार्ग की रहने वाली है। वर्तमान में वह भाई देवीलाल के साथ मंगलनगर में रहती है। सोमवार दोपहर पैदल हीरामिल की चाल से होते हुए फ्रीगंज की ओर जा रही थी। उसी दौरान हीरामिल कुंड से पहले बने मंदिर के पास एक बदमाश ने संपत्तबाई को रोका और मंदिर के पुजारी का पर्स चुराने का आरोप लगा दिया। वृद्धा ने चोरी से इंकार किया तो बदमाश ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और मंदिर के समीप जंगल क्षेत्र की ओर ले गया, जहां मारपीट कर वृद्धा के पास रखे 50 हजार रुपए छीनकर भाग निकला। अपने साथ हुई लूट की जानकारी वृद्धा ने देवासगेट थाने पहुंचकर बताई। बदमाश की मारपीट में घायल हुई महिला को चरक अस्पताल में भर्ती कराया। घटना का पता चलते ही थाना प्रभारी अनिला पाराशर अस्पताल पहुंची। बयान दर्ज कर प्रकरण दर्ज किया गया और बदमाश की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किया जाए लेकिन मंगलवार शाम तक बदमाश का पता नहीं चल पाया था। घायल संपत्तबाई ने शिकायत में बताया कि वह भाई देवीलाल के साथ चिमनगंज मंडी के सामने बैंक पहुंची थी, घर का काम करवाना था, इसलिये 4 लाख रुपए निकाले थे। बैंक से निकलने के बाद भाई को साढ़े तीन लाख देकर घर भेजा दिया था। वह बाजार से काजू-बदाम और कुछ अन्य सामान खरीदने के लिये 50 हजार रूपये लेकर फ्रीगंज की ओर पैदल जा रही थी, तभी बदमाश ने उन्हे रोक लिया था।

# स्कूल जा रही 8 वीं की छात्रा पर स्ट्रीट डॉग ने किया हमला

**उज्जैन।** शहर की सड़कों गलियों में स्ट्रीट डॉग का आतंक काम नहीं हो रहा है। मंगलवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली छात्रा बस स्टॉप तक जा रही थी इस दौरान स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया। छात्र को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। खाराकुंआ स्थित अत्तरवाली गली में रहने वाली उमेसलमा पिता शब्बीर हुसैन कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 8वीं की छात्रा है। सुबह घर से एटलस चौराहा पर आने वाली बस में बैठने के लिए निकली थी उसी समय स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया। डॉग ने छात्रा का पैर पकड़ लिया था छात्रा घबराकर गिर गई थी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे और स्ट्रीट डॉग को भगाया। छात्रा स्ट्रीट डॉग के दांत पर में लगने पर घायल हो चुकी थी उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने रेबीज वैक्सीन का डोज लगाया। शहर की गलियों और सड़कों पर स्ट्रीट डॉग



का आतंक बना हुआ है। प्रतिदिन 15 से 20 लोग शिकार होकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद स्कूल कॉलेज बस स्टॉप रेलवे स्टेशन के आसपास से स्ट्रीट डॉग को हटाने का अभियान अब तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़कों पर आवारा घूमते स्ट्रीट लोगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अधिक बहस हो चुकी है लेकिन इनसे निपटने के लिए शासन प्रशासन के पास कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### 45 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

**उज्जैन।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग अमले ने निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार समस्त जोन अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 45 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला। जिसमें कचरा जलाने पर 5000, गंदगी करते पाए जाने पर 27 हजार, खुले में भट्टी जलाने पर 1000, अवैध अतिक्रमण करने पर 3000, भवन निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाने पर 4000, मिक्स कचरा देने पर 4000 का जुर्माना वसूला गया उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।

# निगम आयुक्त ने किया वार्ड 42 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**उज्जैन। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निगम अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सघन रूप से भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही वार्ड में संबंधितों ने गंदगी करते पाए जाने पर तत्काल स्थल पर ही 08 हजार का जुर्माना किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।**

निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा नियमित रूप से वार्डो में प्रातः काल सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाता है जिसके क्रम में मंगलवार को वार्ड 42 में निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत सेठी नगर चौराहा, 36 क्वार्टर, नगर निगम कॉलोनी, इत्यादि



क्षेत्र में निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों की उपस्थिति रजिस्टर जांच करते हुए एवं चर्चा कर निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान ड्रेस पहनकर कार्य करें। साथ ही जो माइक्रो प्लान वार्ड का निर्धारित किया गया है उसी अनुसार कार्य को संपादित करना है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड के रहवासियों से चर्चा करते हुए सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया गया एवं पूछा कि कचरा गाड़ी समय से आती है या नहीं। तब रहवासियों द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से होती है। साथ ही कचरा गाड़ी में हमारे द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक रूप से ही दिया जाता है। वार्ड में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर देखने में आया कि संबंधितों द्वारा भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैला कर रखी गई है। जिसके कारण आवागमन में समस्या होती है साथ ही खुले में भट्टी जलाते पाए गए जिस पर 08 हजार का जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण पटेल उपस्थित रहे।

### मामोडिया तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन ।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन में कार्यरत मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी) खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स 2025 जयपुर में तकनीकी अधिकारी नियुक्त हुए। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया का चयन जयपुर में आयोजित हो रही खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में मलखंभ खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यह मलखंभ की प्रतियोगिता 1 से 5 दिसम्बर तक जयपुर राजस्थान में आयोजित हो रही है। मामोडिया पूर्व में भी नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर के पाटनकर, सोनू गहलोत, मोहनलाल धाकड़ एवं दिलीप असरानी और पूरे सहकारिता परिवार ने हर्ष जताया। यह जानकारी विभाग के स्टेनो अशोक चौहान द्वारा दी गई।

**अखाड़ा विवाद...** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा

# उज्जैन में तीन वैष्णव अखाड़ों के स्थानीय महंतों ने जमीनों पर अपने नाम चढ़ा लिए

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** उज्जैन में अंकपात क्षेत्र में स्थित तीन प्रमुख वैष्णव अखाड़ों के स्थानीय महंतों ने अखाड़ों की जमीन को अपने नाम चढ़वा लिया। यह जानकारी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने मंगलवार को बड़नगर रोड स्थित निरंजनी अखाड़े में पत्रकारों से चर्चा में दी

महंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि हरिद्वार, नासिक प्रयागराज और उज्जैन मेले के दौरान शासन-प्रशासन के साथ होने वाली बैठकों में अखाड़े के राष्ट्रीय पदाधिकारी ही शामिल होते हैं। स्थानीय पदाधिकारियों का सिहस्थ मेलों में कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है और न स्थानीय पदाधिकारी मेलों की राष्ट्रीय बैठक में बैठ सकते हैं। ऐसे में रामादल अखाडा परिषद नाम से जो संस्था बनाई गई है वह केवल झूठी वहवाही लूटने का एक माध्यम है। हाल ही में हरिद्वार



कुंभ मेले को लेकर जो बैठक हुई उसमें तीनों वैष्णव अखाड़े के राष्ट्रीय पदाधिकारी वैष्णव परिषद के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास महाराज शामिल हुए थे।

महंत रविंद्र पुरी महाराज ने बताया कि जमीनों का मामला अक्टूबर का है जब तीनों वैष्णव अखाड़े के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने उज्जैन आकर कलेक्टर से मिलकर उन्हें एक पत्र देकर उल्लेख किया था कि अंकपात मार्ग पर जो वैष्णव अखाड़े हैं उनकी जमीन पर स्थानीय महंतों ने अपने नाम चढ़ा लिए हैं। जबकि उक्त जमीन अखाड़े के स्वामित्व की है, ऐसे में उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि उक्त जमीनों पर अखाड़े नाम दर्ज किए जाए, महंत रवींद्र पुरी महाराज ने उज्जैन कलेक्टर से मांग की है कि अक्टूबर में जो पत्र दिगंबर आणि अखाडा, निर्वाणी आणि अखाड़ा और निर्मोही अखाड़े ने जो पत्र दिया है उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त भूमियों पर स्वामित्व के रूप में अखाड़े का नाम दर्ज किया जाए ऐसी ही मांग अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद भी करती है।

### स्नेहा राणा, अभिनेता पुनीत व बिंदु ने किए महाकाल के दर्शन

भारतीय महिला क्रिकेटर व वर्ल्ड कप टीम की विजेता सदस्य स्नेहा राणा, फिल्म अभिनेता पुनीत इस्सर, बिंदु दारा सिंह, सिद्धार्थ इस्सर व अमित पचौरी मंगलवार को उज्जैन में महाकाल दर्शन किए वे अल सुबह हुई भस्म आरती में भी शामिल हुए। स्नेहा राणा वर्ल्ड कप



के दौरान भी भगवान महाकाल जी से जीत के लिए आशीर्वाद लेने उज्जैन आई थी। उज्जैन में उन्होंने प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। मंदिर के शासकीय पुजारी पंडित मनीष उपाध्याय ने उनका पूजन कराया व दुपट्टा ओढ़ाकर प्रसाद भेंट कर सम्मान किया।